# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

रक्षा मंत्रालय और सैन्य बलों के सहयोग से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आगामी 10 जून को किन्नौर जिला के शिपकी–ला से सीमा पर्यटन गतिविधियों का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सदभावना साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रदेश सरकार ने रक्षा मंत्रालय से राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र लेप्चा, शिपकी–ला, गिउ और रानी कंडा में पर्यटन गतिविधियों की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया था और इस संबंध में रक्षा मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने कल शिमला में सेना अधिकारियों और बीआरओ के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न सीमा विकास परियोजनाओं की समीक्षा की और उन्हें इन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए,।

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल अपने मंडी दौरे के दूसरे दिन आज जंजैहली में आयोजित नशा उन्मूलन कार्यशाला में भाग लेंगे और इसी विषय पर एक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस बीच राज्यपाल कल कामाक्षा और माहूनाग मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा–अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस दौरान लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उनके साथ थीं।

### पुण्यातिथि

आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यातिथि है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी समाधि स्थल वीरभूमि में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने छोटा शिमला स्थित सदभावना चौक पर राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान सहित अन्य पार्षद गण व गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दोपहर बाद दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर देश सहित प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज शिमला के शोघी और संजौली में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में भाजपा राज्य प्रभारी श्रीकांत शर्मा मौजूद रहेंगे। वहीं सोलन जिला के धर्मपुर में भाजपा मीडिया प्रभारी करण नंदा की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। ये यात्रा 25 मई तक जारी रहेगी।

## स्वयं सहायता समूह

चंबा के पारम्परिक उत्पादों से नई पीढ़ी को रूबरू करवाने और इन उत्पादों को बनाने वाले जिला के स्वयं सहायता समूहों की आर्थिकी सुदृढ़ करने की दिशा में प्रयास शुरू किए गए हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को स्टाल मुहैया करवाए गए हैं। इन उत्पादों को तैयार करने वाली महिलाओं ने बताया कि उनके स्वयं सहायता समूह को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत ये स्थान उपलब्ध करवाया गया है

**बाइट महिला**

वहीं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को देख रही रूचि महाजन ने कहा कि चम्बा के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ये स्टाल मुहैया करवाए गए हैं। इससे इन्हें आमदन हो रही हैं वहीं लोगों को विलुप्त हो रहे चम्बा के पारम्परिक व्यंजन खाने का मौका मिला हैं। **बाइट –– रूचि महाजन**

वहीं स्टाल में पहुंचे लोगों ने यहां बिक्री हेतु रखे उत्पादों की सराहना की। तिलक राज धीमान में कहा कि यहाँ जो पारम्परिक व्यंजन परोसे जा रहे हैं उसका स्वाद सभी को लेना चाहिए क्योंकि ये यहाँ के पारम्परिक व्यंजन हैं। **बाइट –– तिलक राज धीमान** ––– विकास/चंबा

## नवोदय विद्यालय

नवोदय विद्यालय समिति के गैर शिक्षण जूनियर सचिवालय सेवा परीक्षा के दौरान शिमला के एक निजी स्कूल में हुई धोखाधड़ी के संबंध में गिरफतार किए गए आठ लोगों को अदालत में कल पेश किया गया। अदालत ने मामले की परिस्थितियों और तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पुलिस जांच कल 22 मई तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि यह मामला एक सरकारी भर्ती परीक्षा के दौरान संगठित और जानबूझ कर की गई अनुचित गतिविधियों से संबंधित है।